आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 11.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- दिल्ली में कल लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के बाद उत्तराखंड में हाई अलर्ट। प्रदेशभर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।
- आढ़त बाजार शिफ्टिंग की प्रक्रिया तेज, प्रभावितों को मिलने लगा मुआवजा।
- कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने नैनीताल में यातायात व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली।
- ऊधमसिंह नगर जिले में लगभग 75 प्रतिशत मवेशियों में खुरपका—मुंहपका रोग का टीकाकरण किया जा चुका ळें

उत्तराखंड हाई अलर्ट

दिल्ली में कल लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के बाद उत्तराखंड में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून सहित पूरे राज्य में चौक—चौराहों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ को राज्यभर में विशेष सतर्कता बरतने, सीमाओं पर निगरानी बढ़ाने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि देहरादून सहित सभी जिलों में में चीता मोबाइल यूनिट्स, पेट्रोल कार, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड को सक्रिय कर दिया गया है। इन टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार सघन तलाशी और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

आढ़त बाजार

मसूरी—देहरादून विकास प्राधिकरण – एमडीडीए ने देहरादून में आढ़त बाजार तहसील चौक सड़क चौड़ीकरण परियोजना से जुड़े प्रभावित लोगों को मुआवजा देने और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया तेज कर दी है। आढ़त बाजार क्षेत्र के दाहिनी ओर स्थित दो परिसम्पत्तियों की रजिस्ट्री, लोक निर्माण विभाग के पक्ष में कराई गई। साथ ही, इन परिसम्पत्तियों के प्रभावितों को लगभग पांच करोड़ रुपए का मुआवजा चेक के माध्यम से प्राधिकरण की ओर से रजिस्ट्री के समय कर दिया गया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि एमडीडीए का प्रयास है कि आढ़त बाजार शिफ्टिंग, सड़क चौड़ीकरण जैसे सार्वजनिक कार्यों में लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो और सभी को समय पर उचित मुआवजा मिले। उन्होंने बताया कि आढ़त बाजार—तहसील चौक सड़क चौड़ीकरण परियोजना शहर के लिए बहुत अहम है। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि बाजार क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़ेगा।

श्री तिवारी ने कहा कि प्रभावित संपत्तिधारकों को पूरी पारदर्शिता के साथ मुआवजा और भूखंड आवंटन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से देहरादून के भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात दबाव कम होगा। साथ ही चौड़ीकरण के बाद क्षेत्र में फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटिंग, पार्किंग और सौंदर्यीकरण की भी योजना है। यह परियोजना देहरादून को नई दिशा देने वाली साबित होगी। इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि नागरिकों के लिए शहर को और भी सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

निरीक्षण

हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सोनिका ने निर्माणाधीन यूनिटी मॉल और ज्वालापुर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाने के अवर अभियंता और सहायक अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिटी मॉल का निर्माण हरिद्वार के वाणिज्यिक विकास की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से परियोजनाओं से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

पुलिस महानिरीक्षक समीक्षा

आगामी क्रिसमस, नववर्ष और शीतकालीन पर्यटन सीजन को देखते हुए कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने नैनीताल में यातायात व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि त्योहारों और अवकाश अवधि में नैनीताल का यातायात अनुशासित और स्मार्ट बनाया जाएगा, ताकि भीड़ के बावजूद यातायात सुचारू बना रहे। बैठक में पुलिस अधिकारियों, यातायात निरीक्षकों और टैक्सी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और टैक्सी संचालन पर चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि पर्यटक का अनुभव पुलिस की संवेदनशीलता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है, इसलिए योजना और क्रियान्वयन में सतर्कता जरूरी है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नगर की पार्किंग क्षमता का आकलन कर वैकल्पिक पार्किंग स्थलों की पहचान करने और मल्लीताल, तल्लीताल, मॉल रोड व उच्च न्यायालय क्षेत्र में अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में टैक्सी स्टैंडों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए 'लाइनिंग सिस्टम' और 'रोटेशन संचालन प्रणाली' लागू करने का निर्णय लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने दोपहिया टैक्सियों का सत्यापन सख्ती से करने, सार्वजनिक वाहनों पर संयुक्त सत्यापन अभियान चलाने और नगर निकायों व हितधारकों के साथ नियमित समन्वय बैठकों के निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्षों और यातायात निरीक्षकों को टैक्सी स्टैंडों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा।

## पशु टीकाकरण

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ऊधमसिंह नगर जिले में लगभग 75 प्रतिशत मवेशियों में खुरपका–मुंहपका रोग का टीकाकरण किया जा चुका है। चार अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत करीब दो लाख बीस हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष 75 फीसदी टीकाकरण हो चुका है। इस क्रम में पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों ने रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र में वृहद टीकाकरण किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज कुमार पाठक ने बताया की पहले से ही खुरपका मुंह पका और लम्पी बीमारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के तहत घर–घर जाकर पशुओं को टीकाकरण किया जा रहा है।

## क्षेत्र पंचायत बैठक

उत्तरकाशी जिले की क्षेत्र पंचायत चिन्यालीसौड़ की बैठक में क्षेत्र के विकास के साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई। बैठक में बिजली, शिक्षा, सड़क आदि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने पंचायत–प्रतिनिधियों कों समस्याओं के साथ ही अच्छे कार्यों का भी उल्लेख करने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को सदन में उठाऐ गए मामलों पर मौके पर जाकर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

## सम्मान

चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस खाती ने जिले के टनकपुर में जल पुलिस के गोताखोर रविन्द्र कुमार को सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान 600 से अधिक लोगों की जान बचाने सहित उनके असाधारण साहसिक कार्यों के लिए दिया गया।

प्रशासन ने उनके मानवीय कार्यों और कर्तव्यनिष्ठा को सराहा, जिसमें उन्होंने कई बार अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों का जीवन बचाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने रविन्द्र कुमार और उनकी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनकी कर्मठता, निष्ठा और सेवा भावना प्रशासन तथा समाज दोनों के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाधिकारी ने उनके समर्पण को जनसेवा की सच्ची भावना का प्रतीक बताया। गोताखोर रविन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने अब तक 600 से अधिक लोगों की जान बचाई है। उन्होंने इस सम्मान के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

## बदरीनाथ दर्शन

पर्यटन विभाग के तत्वावधान में दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत हरिद्वार के 27 वरिष्ठ नागरिकों को बदरीनाथ धाम की निःशुल्क यात्रा पर रवाना किया गया।

जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की बस की व्यवस्था उत्तराखंड परिवहन निगम के माध्यम से करवाई गई है। उनके भोजन, आवास और गाईड की व्यवस्था गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से की गई है।